प्रकाशनार्थ

जूही ने किया आनन्द इंजीनियरिंग कालेज टॉप

आगरा :– हाल ही में ए0के0टी0यू0 ने प्रथम वर्ष के प्रथम सेमेस्टर के परिणाम जारी किये हैं। जिसमें आनन्द इंजी0 कालेज के प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में कम्प्यूटर साइंस विभाग की छात्रा जूही फेरवानी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, कम्प्यूटर साइंस विभाग के ही उदीतांत दीक्षित ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं इलैक्ट्रकल एवं इलैक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के छात्र प्रियांश ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रथम वर्ष के विषम सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में आनन्द इंजीनियरिंग कालेज के 30 प्रतिशत छात्रों द्वारा विशेष योग्यता हासिल की गई।

छात्रों की इस उपलब्धि पर उनके अभिभावकों ने कालेज प्रशासन एवं शिक्षकों की मेहनत की सराहना करते हुये धन्यवाद देते हुये अपने बच्चों के लिए कालेज के चयन को सही ठहराया।

कालेज के कुलसचिव डा0 जे0एस0 यादव ने छात्रों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं भेंट की एवं इसका श्रेय कालेज के समस्त शिक्षकों को दिया जिनके प्रयासों एवं मार्गदर्शन से विद्यार्थियों इस उपलब्धि को प्राप्त किया।

छात्रा जूही ने कहा कि माता–पिता के सहयोग एवं विभाग के शिक्षकों के मार्गर्दशन के बिना वह यह सफलता हासिल नहीं कर सकती थी। इसलिए इस सफलता का पूरा श्रेय उन्होने माता–पिता एवं अपने शिक्षकों को दिया। भविष्य की योजनाओं के बारे उन्हाने बताया की वे कम्प्यूटर साइंस के क्षेत्र में रिसर्च करते हुये देश के हित में काम करेंगी।

कालेज के निदेशक प्रो0 अनिल किशोर ने प्रथम वर्ष के प्रथम सत्र के परीक्षा परिणामों में वृद्धि का श्रेय छात्रों की मेहनत एवं शिक्षकों के प्रयासों को दिया। उन्होने बताया कि कालेज ने छात्रों के बेहतर परिणामों के लिए उन्हे अतिरिक्त कक्षाऐं एवं प्रयोगशालायें करायी गई थीं। शिक्षकों के माध्यम से प्रत्येक छात्र के पाठन–पठन एवं शैक्षणिक गतिविधियों का बारीकी से अध्ययन किया जा रहा है जिसका नतीजा परिणामों के रूप में हमारे सामने है। उन्होने बताया कि आने वाले समय में कालेज के शिक्षक छात्रों को और बेहतर परिणामों के लिए तैयार करेंगे।

शारदा ग्रुप के वाईस चैयरमेन श्री वाई0के0 गुप्ता एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री प्रदीप महाथा ने छात्रों एवं कालेज की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।